# राज्य/जिला स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह हेतु प्रस्ताव भिजवाने हेतु दिशा–निर्देश

सामान्य दिशा–निर्देशः–

1. भामाशाह सम्मान आयोजन के सम्बन्ध में प्रतिवर्ष आयोजन हेतु निदेशालय प्रारंभिक शिक्षा नोडल एजेन्सी है। भामाशाह सम्मान हेतु निदेशालय प्रारंभिक शिक्षा द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार समस्त प्रक्रिया संधारित की जावेगी एवं भामाशाह व प्रेरकों हेतु पात्रता निर्धारित होगी।
2. विद्यालय भामाशाह योजना के लिये राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देश क्रमांक प.17(11) शिक्षा–6/2010/पार्ट दिनांक 13–03–2018 के अनुसार ज्ञान संकल्प पोर्टल के माध्यम से किये गये एवं जिला/ब्लॉक/विद्यालय के माध्यम से विद्यालयों को सीधे ही किये गये सहयोग राशि/वस्तु या सामान/भौतिक संरचना की लागत राशि के आधार पर राज्य/जिला स्तरीय सम्मान प्रदान किया जावेगा।
3. राज्य सरकार के दिशा–निर्देश क्रमांक प.17(11)शिक्षा–6/2010/पार्ट दिनांकः 13–03–2018, 17–05–2023, 04–08–2023 व 15–05–2024 की अनुपालना में ज्ञान संकल्प पोर्टल के माध्यम से इस हेतु ऑन लाईन प्रस्ताव प्राप्त किये जा रहे है। ज्ञान संकल्प पोर्टल के माध्यम से भामाशाह द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 में किये गये विकास कार्यों हेतु प्रस्ताव केवल ऑन–लाईन ही प्रस्तुत किये जा सकेंगे। इस वर्ष हेतु एक भामाशाह/प्रेरक हेतु एक ही आवेदन स्वीकार किया जाएगा।
4. विशेष परिस्थितियों में ही भामाशाहों द्वारा ऑफ–लाईन आवेदन निर्धारित प्रारूप में निर्धारित के अनुसार प्रस्तुत किये जा सकेगें।
5. प्रस्तुत प्रस्तावों में वर्षवार राशि का निर्धारण, किसी भी वित्तीय वर्ष (1 अप्रैल से 31 मार्च तक की) में विद्यालयों को सीधे ही या ज्ञान संकल्प पोर्टल के माध्यम से दी गई राशि, वस्तु/सामान लागत मूल्य के आधार पर किया जावेगा। भौतिक संरचना की स्थिति में संरचना बनाकर विद्यालय को सुपुर्द करने उपरान्त पर राशि का निर्धारण होगा।
6. भामाशाहों व प्रेरकों को प्रस्ताव देने से पूर्व रजिस्टर करना आवश्यक होगा। रजिस्टर करने के उपरान्त भामाशाह/प्रेरक को अपनी प्रोफाइल पूर्ण/अपडेट करना चाहिए जिससे भामाशाह प्रस्तावों में स्वतः ही प्रोफाइल से प्रदर्शित होने वाली समस्त सूचनाऐं सही रूप से प्रदर्शित हो सकें।
7. भामाशाहों द्वारा प्रस्तुत किये जाने प्रस्तावों में ज्ञान संकल्प पोर्टल के माध्यम से किये गये सहयोग का विवरण स्वतः ही प्रदर्शित होगा। विद्यालयों को सीधे किये गये सहयोग हेतु प्रविष्ठि किये जाने की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। अतः भामाशाह अपने समस्त प्रकार के सहयोगों का प्रस्ताव में आवश्यक रूप से इन्द्राज करें जिससे वार्षिक सहयोग राशि का सही आंकलन हो सके। कृपया दोहरी प्रविष्ठि करने से बचें।
8. यदि किसी भामाशाह/दानदाता द्वारा भामाशाह व प्रेरक दोनों रूपों में प्रस्ताव प्रस्तुत करता है तथा दोनों के लिये पात्रता रखता है तो उसे भामाशाह/प्रेरक के रूप में एक ही सम्मान दिया जावेगा।
9. ऑन–लाईन आवेदन भामाशाहों/प्रेरकों की समय व श्रम की बचत हेतु लिया जा रहा है। इस क्रम में किसी भी विवाद की स्थिति में निदेशालय प्रारंभिक शिक्षा का निर्णय अंतिम होगा।

## <u>भामाशाहों द्वारा ऑन–लाईन प्रस्ताव प्रस्तुत करने की प्रक्रिया</u>

### <u>ज्ञान संकल्प पोर्टल पर प्रस्तुत करने से पूर्व किये जाने वाले कार्यः–</u>

1. सर्वप्रथम भामाशाह/दानदाता ज्ञान संकल्प पोर्टल पर उनके प्रकार (1– भारतीय निवासी, 2– अनिवासी भारतीय, 3–कम्पनी/औद्योगिक संस्थान व 4– एनजीओ या अन्य संस्थान) अनुसार रजिस्टर करें।

2. यदि पूर्व में ज्ञान संकल्प पोर्टल पर रजिस्टर है और लॉगिन नहीं कर पा रहे है तो लॉगिन पेज पर उपलब्ध फोरगेट पासवर्ड की मदद से अपना पैन कार्ड/आधार कार्ड/ पासपोर्ट क्रमांक अंकित कर पासवर्ड रिसेट करे। नवीन पासवर्ड भारतीय निवासी की स्थिति में उनके मोबाईल नम्बर तथा अन्य की स्थिति में उनके ई–मेल पर प्राप्त होगा।

3. ज्ञान संकल्प पोर्टल पर केवल भारतीय निवासी की स्थिति में मोबाईल नम्बर लॉगिन आईडी होगा तथा अन्य सभी रजिस्टर यूजर की स्थिति में ई–मेल ही लॉगिन आर्डडी होगा।

4. प्रस्ताव प्रस्तुत करने से पूर्व सभी भामाशाह/प्रेरक अपना प्रोफाईल अपडेट आवश्यक रूप से पूर्ण करें। व्यक्तिगत दानदाता (भारतीय/गैर भारतीय) अपना फोटो अपलोड करें। कम्पनी संस्था प्रोफाईल में अपना लोगो आवश्यक रूप से अपलोड करें।

5. रजिस्टर के उपरान्त लॉगिन के बाद डेशबोर्ड पर उपलब्ध आवेदन प्रारूपव दिशा–निर्देशों को डाउनलोड कर प्रिंट लेवें। दिशा–निर्देशों का अध्ययन कर आवेदन प्रारूप को भरकर पूर्ति करें। जिससे ऑनलाईन इन्द्राज की जाने वाली सूचनाओं के समस्त जानकारी एकत्रित की जा सकें।

6. वित्तीय वर्ष 2023–24 में किये गये सहयोग/भौतिक विकास कार्य हेतु की विद्यालयवार व वर्षवार अनुमानित लागत व अंतिम लागत सहित कार्य पूर्णता दिनांक की सूची बनावें।

7. विद्यालयों में किये गये सहयोग हेतु कार्य अनुसार यदि किसी प्रेरकों का निर्धारण किया जाना है तो उनका एम्पलाईड आई.डी./कोई भी सरकार द्वारा जारी परिचय पत्र संख्या सहित मोबाईल नम्बर आवश्यक रूप से एकत्रित करें।

8. कम्पनी/संस्था की स्थिति में निर्धारित करावें कि प्रशस्ति पर किस कार्मिक/अधिकारी/मालिक/निदेशक की फोटो व नाम अंकित किया जाना है।भामाशाह हेतु जारी की जाने वाली प्रशस्ति पर अंकित किये जाने वाले भामाशाह/दानदाता हस्ताक्षर भी डिजिटल रूप में एकत्रित कर रखें।

9. व्यक्तिगत दानदाता या कम्पनी/संस्था की स्थिति कम्पनी/संस्था का परिचय कम से कम 250 शब्द लिखकर तैयार करावें।

10. सभी फोटो व हस्ताक्षर .JPEG/.JPG फोरमेट में तैयार करावें। जिसकी साइज 100 केबी से अधिक नहीं होनी चाहिए।

11. आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों की एक पीडीएफ बनाकर रखें जिसकी साईज 20 एमबी से अधिक नहीं होनी चाहिये।

**वेबसाइड पर ऑन–लाईन आवेदन किये जाने के दौरान :–**

1. ज्ञान संकल्प पोर्टल पर रजिस्टर भामाशाह/दानदाता द्वारा यदि पूर्व में प्रोजेक्ट प्रस्तुत कर अनुमोदन करवाया गया है तो इस स्थिति में उसकी वर्तमान स्थिति तथा कार्य की पूर्णता की दिनांक एवं अंतिम लागत मूल्य (लाखों में) आवश्यक रूप से अंकित करें क्योंकि ये सूचनाऐं भामाशाह प्रस्ताव के समय स्वतः ही कार्य पूर्णता दिनांक के आधार पर वित्तीय वर्ष में प्रदर्शित होगी। भामाशाह/दानदाता द्वारा ज्ञान संकल्प पोर्टल पर लॉगिन उपरान्त Dash Board पर श्रेणीवार View Detail लिंक के माध्यम से प्रोजेक्ट चयन कर वर्तमान स्थिति व राशि अपडेट की जा सकती है।

2. भामाशाह/दानदाता द्वारा ज्ञान संकल्प पोर्टल पर लॉगिन के उपरान्त डेशबोर्ड पर उपलब्ध भामाशाह सम्मान प्रस्ताव लिंक के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2023–24 को सलेक्ट कर प्रदर्शित प्रारूप में समस्त सूचनाऐं अंकित कर Save करें।

3. ऑनलाईन आवेदन में प्रस्तावित प्रपत्र का प्रिंट लेकर जांच करें। आवश्यकतानुसार अद्यतन कर सेव करें। समस्त सूचनाऐं सही होने की स्थिति में ही Final Sumbit करें तथा मोबाइल/ईमेल पर प्राप्त OTP के माध्यम से सत्यापित करें।

4. मोबाइल/ईमेल पर प्राप्त OTP के माध्यम से सत्यापित प्रस्ताव के बाद किसी भी प्रकार का संसोधन संभव नहीं होगा। अतः सत्यापित करने से पूर्व आवश्यक रूप से भरे हुए प्रस्तावित प्रारूप की जांच करलें।

5. भामाशाह प्रारूप में बिन्दु वार सूचनाऐं निम्न प्रकार से इन्द्राज करें–

<table>
<tr><td>ए.</td><td colspan="2">भामाशाह/दानदाता की सामान्य जानकारी (ज्ञान संकल्प पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के अनुसार प्रदर्शित होगी)</td></tr>
<tr><td>1.</td><td>भामाशाह/दानदाता का प्रकारः व्यक्तिगत (1–भारतीय निवासी)/ 2–व्यक्तिगत (अनिवासी भारतीय)/ 3–कम्पनी/ औद्योगिक संस्थान/ 4–एनजीओ या अन्य संस्थाऐं )</td><td>(ज्ञान संकल्प पोर्टल पर आवेदन के समय कम्पनी/संस्था के प्रोफाईल से स्वतः प्रदर्शित होगा) त्रुटि की स्थिति में अपना प्रोफाइल अपडेट करें</td></tr>
<tr><td rowspan="7">2.</td><td colspan="2">कम्पनी/एनजीओ या संस्था की स्थिति में ही निम्न विवरण इन्द्राज करें</td></tr>
<tr><td>अ– कम्पनी/एनजीओ या संस्था का नाम</td><td rowspan="6">(ज्ञान संकल्प पोर्टल पर आवेदन के समय कम्पनी/संस्था के प्रोफाईल से स्वतः प्रदर्शित होगा) त्रुटि की स्थिति में अपना प्रोफाइल अपडेट करें</td></tr>
<tr><td>आ– कम्पनी/एनजीओ या संस्था का रजिस्ट्रेशन नम्बर</td></tr>
<tr><td>इ– कम्पनी/एनजीओ या संस्था की रजिस्ट्रेशन दिनांक</td></tr>
<tr><td>ई– कम्पनी/एनजीओ या संस्था का रजिस्टर्ड पता</td></tr>
<tr><td>उ– कम्पनी/एनजीओ या संस्था का सम्पर्क सूत्र–<br>नाम, फोन नम्बर, ई–मेल</td></tr>
<tr><td>ऊ– कम्पनी/एनजीओ या संस्था का लोगो– JPEGफोरमेट में</td></tr>
</table>

| | | |
|---|---|---|
| 3. | भामाशाह / दानदाता व्यक्तिगत विवरण | |
| | अ– भामाशाह का नाम | व्यक्तिगत दानदाता (भारतीय निवासी / अनिवासी भारतीय) की स्थिति में स्वयं की तथा कम्पनी / एनजीओ या संस्था की स्थिति में कम्पनी के निदेशक / कार्यकारी अधिकारी / मालिक / अन्य अधिकारी की जानकारी इन्द्राज करें जिनका नाम / फोटो प्रशस्ति पर अंकित की जाएगी<br><br>व्यक्तिगत दानदाता (भारतीय निवासी / अनिवासी भारतीय) की स्थिति में नाम, मोबाइल नम्बर, ई–मेल व वर्तमान / स्थायी पता प्रोफाईल से स्वतः प्रदर्शित होगा, किसी त्रुटि की स्थिति में अपना प्रोफाइल अपडेट करें।<br><br>जॉब प्रोफाइल में पद सहित अपने कार्य के बारें में लिखें। |
| | आ– भामाशाह के पिता / पति का नाम | |
| | इ– जाति | |
| | ई– जन्म दिनांक (दिन / माह / वर्ष में अंकित करें) | |
| | उ– मोबाइल नम्बर | |
| | ऊ– ई–मेल | |
| | ए– वर्तमान / स्थायी पता | |
| | ऐ– शैक्षणिक योग्यता | |
| | ऐ– जॉब प्रोफाइल पद सहित | |
| 4. | भामाशाह / दानदाता का पत्र व्यवहार का पता (विभाग द्वारा पत्र व्यवहार अंकित पते पर किया जावेगा) | |
| **बी** | **भामाशाह द्वारा विद्यालयों में किये गये सहयोग का विवरण** | |
| | अ– ज्ञान संकल्प पोर्टल के माध्यम से किये गये सहयोग का विवरण | |
| | क्र.सं. | ज्ञान संकल्प पोर्टल पर दिये गये सहयोग / प्रस्तुत किये गये प्रोजेक्ट के आधार पर स्वतः ही प्रदर्शित होगी। |
| | प्रोजेक्ट / श्रेणी | |
| | ट्रांजेक्शन आईडी / चेक सं / डीडी सं. | |
| | ज्ञा.सं. पोर्टल आईडी | |
| | स्कूल शाला दर्पण कोड | |
| | अनुमानित लागत | |
| | अन्तिम लागत | अंतिम लागत व कार्यपूर्णता दिनांक की त्रुटि के सम्बन्ध में अपने डेशबोर्ड पर उपलब्ध श्रेणी वार प्रदर्शित लिंक की सहायता से प्रोजेक्ट्स को अपडेट करे। उसके उपरान्त स्वतः अपडेट होगा |
| | ट्रांजेक्शन / कार्य पूर्णता दिनांक | |
| | जिला | रिक्त होने की स्थिति में आवश्यक रूप से अंकित करें। |
| | विद्यालय विवरण | संभव हो तो अंकित करें। |
| | **आ–**ज्ञान संकल्प पोर्टल के माध्यम के अतिरिक्त सीधे विद्यालयों को किये गये सहयोग का विवरण (जिले वार अंकित करें)**यह भाग उन भामाशाह व दानदाताओं के द्वारा भरा जावेगा जिन्होने ज्ञान संकल्प पोर्टल के माध्यम से कार्य ना करवाकर सीधे ही विद्यालयों में विकास कार्य करवाये है।** | |
| | क्र.सं. | स्वतः प्रदर्शित होगा |
| | प्रोजेक्ट का नाम | प्रोजेक्ट का नाम अंकित करें अंग्रेजी में |
| | ट्रांजेक्शन आईडी / चेक सं / डीडी सं. / लागू नही | यदि उपलब्ध हो तो अंकित करें अन्यथाNA लिखें। |
| | ज्ञा.सं. पोर्टल आईडी | सिस्टम द्वारा स्वतः प्रदर्शित होगा |
| | स्कूल शाला दर्पण कोड | विद्यालय का शाला दर्पण एनआईसी कोड लिखें। अन्यथा रिक्त रखें |
| | अनुमानित लागत | जब प्रोजेक्ट प्रारंभ हुआ तो निर्धारित अनुमानित लागत लाखों में लिखें। (उदाहरणार्थ 1,50,300 / – को 1.503 लिखें) |
| | अन्तिम लागत | जब सामान / प्रोजेक्ट पूर्ण होकर विद्यालय को सुपुर्द हुआ तो निर्धारित अंतिम लागत लाखों में लिखें। (उदाहरणार्थ 12,02,400 / – को 12.024 लिखें) |
| | ट्रांजेक्शन / कार्य पूर्णता दिनांक | यदि राशि प्रदान की है तो खाते में से हस्तान्तरित होने की दिनांक अन्यथा कार्य पूर्ण होकर सुपुर्द होने की दिनांक लिखें। |
| | जिला | जिला का नाम लिखे |
| | विद्यालय विवरण | विद्यालय का नाम व कोड लिखें |
| | इ– कुल सहयोग / लागत राशि **(रूपये लाखों में)** | रू. ........................ लाख (स्वतः प्रदर्शित होगी) |

| | | |
|---|---|---|
| | ई– यदि विद्यालय के सम्पूर्ण भवन का निर्माण कराया गया है तो क्या निर्मित भवन का विधिवत दान पत्र विभाग के पक्ष में लिखा जा चुका है। | भामाशाह के द्वारा यदि पूर्ण भवन का निर्माण करवाया गया है तो निर्मित भवन के दान पत्र के सम्बन्ध सूचना अंकित करें। |
| 5. | भामाशाह द्वारा किये गये सहयोग हेतु प्रेरित करने वाले प्रेरक की जानकारी (विभिन्न प्रोजेक्ट/विकास कार्यों के अनुसार भरें) | |
| | प्रेरक का प्रकार (स्कूल शिक्षा विभाग/ स्कूल शिक्षा विभाग के अतिरिक्त) | भामाशाह को प्रेरित करने वाले प्रेरक का शाला दर्पण पर रिकॉर्ड उपलब्ध है तो स्कूल शिक्षा विभाग लिखें अन्यथा स्कूल शिक्षा विभाग के अतिरिक्त सलेक्ट करें। |
| | एम्पलोई यदि हो तो | शाला दर्पण पर रिकॉर्ड उपलब्ध होने की स्थिति में समस्त सूचनाऐं स्वतः ही प्रदर्शित होगी।<br><br>अन्यथा सभी सूचनाऐं (एम्पलोई आइडी, नाम, मोबाइल नम्बर, आईडी प्रकार व संख्या आवश्यक रूप से लिखें। ज्ञान संकल्प पोर्टल पर अंकित मोबाइल नम्बर से लॉगिन नहीं बना हुआ है तो स्वतः ही लॉगिन बन जावेगा।<br>ज्ञान संकल्प पोर्टल इस मोबाइल नम्बर की मदद से लॉगिन कर सकेग और प्रेरक का प्रस्ताव प्रारूप भर सकेगे। |
| | नाम | |
| | मोबाइल नम्बर | |
| | आईडी का प्रकार (पेन/आधार/ पासपोर्ट) | |
| | आईडी संख्या (पेन/आधार/ पासपोर्ट) जो ऊपर सलेक्ट किया है। | |
| | प्रोजेक्ट विवरण जिस हेतु नामित किया है। | भाग बी में से प्रदर्शित प्रोजेक्ट्स को सलेक्ट करें।<br>एक प्रेरक के लिए एक से अधिक प्रोजेक्ट्स का चयन किया जा सकता है। किन्तु एक प्रोजेक्ट के लिए एक ही प्रेरक का चयन किया जा सकता है। |
| **सी** | **अन्य जानकारी व प्रमाणिकरण** | |
| 6. | भामाशाह/दानदाता द्वारा सम्मान लेने हेतु स्वयं उपस्थित ना होने की स्थिति में समारोह में भेजे जाने वाले प्रतिनिधि का विवरण | किसी कारण से भामाशाह स्वयं नहीं आ सकता है तो समारोह में उपस्थित होने वाले नामित प्रतिनिधि का नाम नाम, पद व मोबाइल नम्बर अंकित करें। |
| 7. | शिक्षा विभाग के अतिरिक्त भामाशाह द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र/हित में सहयोग अवधि में किये गए अन्य महत्वपूर्ण सहयोगों का विवरण | शिक्षा विभाग के अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों में किये गये सहयोग के बार में हिन्दी यूनिकोड/गूगल हिन्दी टाईपिंग के माध्यम से 250 शब्दों में लिखें। |
| 8. | दानदाता के विरूद्ध किसी प्रकार का कोई आपराधिक मामला न्यायालय में विचाराधीन है या नहीं। | भामाशाह व दानदाता के विरूद्ध कोई न्यायिक या आपराधिक मामला विचाराधीन है तो विवरण हिन्दी यूनिकोड में लिखें। |
| 9. | संक्षिप्त परिचय **(कम्पनी/संस्था होने की स्थिति में कम्पनी/संस्था से सम्बन्धित विवरण लिखें)** | व्यक्तिगत भामाशाह (भारतीय/अनिवासी भारतीय) की स्थिति में स्वयं के बारे में तथा कम्पनी/एनजीओ/अन्य संस्थान की स्थिति में कम्पनी/एनजीओ/अन्य संस्थान के बारे में हिन्दी यूनिकोड/गूगल हिन्दी टाईपिंग के माध्यम से 250 शब्दों में लिखें। |
| 10. | सम्मान के सम्बन्ध मे सम्बन्धित दस्तावेज संलग्न करें। | भामाशाह सम्मान के सम्बन्ध कोई रिपोर्ट/दस्तावेज संलग्न करना चाहते है। सभी दस्तावेजों की एक पीडीएफ फाइल बनाकर अपलोड करें। साईज–अधिकतम 20एमबी |
| 11. | दानदाता/भामाशाह द्वारा हस्ताक्षर अपलोड करें। | .JEPG/.JPG फोरमेट में अधिकतम 100केबी साइज में अपलोड करें। |